Department of Visual Impairment
विशेष शिक्षा संकाय
Faculty of Special Education
डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow

पत्रांक–६५३/दृष्टिबाधितार्थ विभाग/डी0एस0एम0एन0आर0यू0/2024–25 दिनॉक: २३, मई, 2025

## //सूचना//

विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या–39/फा0सं0–709/विविध/DSMNRU/2024.25 दिनांक 08 मार्च, 2025 के आलोक में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि माह जुलाई 2025 में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को Laptop/Tablet एवं Mobile Phone के प्रयोग किये जाने से सम्बन्धित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में आयेजन के पूर्व सभी विद्यार्थियों का सुगम्य पुस्तकालय (Sugamya Pustakalya) पर User ID बनाया जाना है।

इस आलोक मे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए केन्द्रीय पुस्तकालय के भूतल स्थित कक्ष संख्या–20 में सुगम्य पुस्तकालय (Sugamya Pustakalya) की सदस्यता हेतु User ID बनाने हेतु Help Desk बनाया गया है।

सुगम्य पुस्तकालय (Sugamya Pustakalya) भारत का सबसे बड़ा डिजिटल पुस्तकालय है, जिसमें दृष्टिबाधित छात्रों के लिए Braille, Daisy, ePUB और आडियो स्वरूप में हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह सुविधा छात्रों को सुलभ और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य के शुरू की जा रही है।

प्रत्येक दृष्टिबाधित विद्यार्थी. को निर्देशित है कि वह अपना UDID कार्ड या दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित केन्द्रीय पुस्तकालय के कक्ष संख्या 20 में अपनी User ID बनवाना सुनिश्चित करें। उपरोक्त सुविधा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस पंजीकरण प्रक्रिया में कार्यालय सहायक श्री शैलेन्द्र कुमार विद्यार्थियों को सहयोग/सहायता प्रदान करेंगे।

उपरोक्त सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

(आशीष कुमार गुप्ता)
सहायक आचार्य

प्रतिलिपि : निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता शैक्षणिक, विश्वविद्यालय।
3. अधिष्ठाता विशेष शिक्षा संकाय।
4. विभागाध्यक्ष, दृष्टिबाधितार्थ विभाग।
5. कुलसचिव महोदय, विश्वविद्यालय।
6. समस्त शिक्षकवृन्द, विशेष शिक्षा संकाय।
7. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने हेतु।

23/05/25

(आशीष कुमार गुप्ता)
सहायक आचार्य